तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

06 अधिकारियों ने रूकवाया बाल विवाह



04 अंडरग्राउंड बिजली केबलिंग ने बिगाड़ा ...



**परिणाम : छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम**

# 10वीं की छात्रा श्रेजल ने बढ़ाया जिले का मान
## 97.33 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पाया 9वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड के परिणाम घोषित कर दिया। घोषित परीक्षा परिणाम में जिले की ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेजल ध्रुव ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में



97.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 9 वा रैंक हासिल कर टॉप 10 में जगह बना कर जिले का नाम जहां रोशन किया। वहीं, कक्षा दसवीं में जिले का परिणाम एक तरह से निराशाजनक रहा, पर 12वीं के छात्रों ने बाजी मारी है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा घोषित परिणाम में कक्षा दसवीं के छात्रों का प्रतिशत जहां महज 64.80 रहा, वहीं कक्षा 12वीं में यह प्रतिशत 78.56 का रहा।

**10वीं 13925 परीक्षार्थियों में 3357 प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण :** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष कक्षा दसवीं में 6046 छात्र एवं 7879 छात्राएं मिलाकर कुल 13 हजार 925 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 9022 छात्र-छात्राओं को सफलता मिली है। इनमें से प्रथम श्रेणी में 3357 द्वितीय श्रेणी में 4869 तथा तृतीय श्रेणी में 795 छात्र-छात्राएं सफल हुए।

**8830 परीक्षार्थियों में 2420 प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण :** कक्षा 12वीं में 3747 छात्रों सहित कुल 8830 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें प्रथम श्रेणी में 2420 द्वितीय श्रेणी में 3960 एवं तृतीय श्रेणी में 557 छात्र-छात्राओं को सफलता मिली है। कुल मिलाकर 6937 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल हुए हैं तथा परीक्षा का परिणाम 78.56 प्रतिशत रहा है।

**कक्षा 10वीं का 64.80 और 12वीं का 78.56 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम**




### शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दी बधाई

परीक्षा परिणाम की घोषणा की घोषणा होने उपरांत स्कूल प्रबंधन समिति एवं शिक्षक शिक्षिकाओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्कूल परिसर में छात्रा श्रेजल ध्रुव एवं उनके परिजन उपस्थित थे, जिन्हें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य अलका तिवारी व डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से लगातार उनकी संस्था के विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर संस्था को गौरवान्वित कर रहे हैं। छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को इस उपलब्धि पर बधाई दी है.।

### माता-पिता शिक्षक हैं, प्रोफेसर बनना चाहती है श्रेजल

बचपन से मेधावी रही कक्षा दसवीं की छात्रा श्रेजल ध्रुव ने न केवल अपने परिवार को बल्कि पूरे शहर व बेमेतरा जिले को गौरवान्वित किया है। जिला मुख्यालय स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेजल ने हरीभूमि प्रतिनिधि को बताया कि उसे अपनी मेहनत पर उन्हें भरोसा था कि वे प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएंगी। श्रेजल आगे शिक्षा के क्षेत्र में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहती है तथा प्रोफेसर बनने की इच्छा रखती हैं। ओर अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के साथ स्कूल के शिक्षकों को दे रही है । श्रेजल ध्रुव के माता-पिता भी शिक्षक हैं। पिता संतोष ध्रुव पूर्व माध्यमिक शाला उमरिया में तथा माता योगेश्वरी ध्रुव ग्राम ओड़िया में हाई स्कूल में कार्यरत हैं।

### सहपाठी ने दी टॉपर बनने की सूचना

श्रेजल ने बताया कि हमारे स्कूल की छात्रा पूजा विश्वास ने उसे सूचना दी कि उसका नाम प्रावीण्य सूची के टॉप 10 में 9 वें नंबर पर है। इस पर उनके परिजनों तथा स्कूल प्रबंधन की खुशी का ठिकाना ना रहा। प्राचार्य अलका तिवारी ने बताया कि उन्हें इस बात का भरोसा था कि उनकी स्कूल की छात्रा निश्चित रूप से प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएगी।

## कलेक्टर रणवीर ने किया श्रेजल का सम्मान

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 10वीं में श्रेजल ध्रुव ने 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य की प्रावीण्य सूची में नौवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है।




कलेक्टर रणवीर शर्मा ने श्रेजल ध्रुव को बेमेतरा जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने श्रेजल की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । कलेक्टर ने कहा कि यह स्टूडेंट्स के उत्कृष्ट शिक्षा परिणाम का प्रमुख उदाहरण है और राज्य के शैक्षिक संगठनों के लिए प्रेरणास्पद है। बता दें श्रेजल ध्रुव बेमेतरा ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की छात्रा है, जिसने नौवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम प्राप्त करें। जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर ने भी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### देवरबीजा में कुलेश्वरी प्रथम



**बेमेतरा।** सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल देवरबीजा में सत्र 2023-24 हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल 13 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलायी थी। जिसमें 11 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की। प्रथम श्रेणी से 9 विद्यार्थियों ने, द्वितीय श्रेणी से 2 विद्यार्थी और अनुत्तीर्ण 2 विद्यार्थी रहे। जिसमें प्रथम स्थान पर कुलेश्वरी साहू पिता संतोष साहू ग्राम बरगा 93.11 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर पोयम देवांगन ग्राम देवरबीजा 87 और तीसरे स्थान पर भास्कर देवांगन ग्राम बीजा से 84 प्राप्त कर अपने गांव, घर-परिवार सहित स्कूल का नाम रोशन कर दिखाया। इन सभी विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष भर नियमित समय सारणी घर पर बनाकर पढ़ाई करते रहे और अपने गुरुजनों के प्रति आदर सम्मान को बनाए रखे। संस्था प्रमुख पुष्पराज सेन ने सभी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा का परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा के परीक्षा परिणामों के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेई ने सफ़ल विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों को अच्छे परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही असफल विद्यार्थियों को दोगुने उत्साह के साथ फिर से प्रयास करने और भविष्य में अच्छी सफ़लता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मिली जानकारी के अनुसार संस्था की हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 75.8 एवं हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा में रेश्मा 93.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। श्रद्धा 93.2 एवं मानसी साहू 91 के साथ द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। हायर सेकंडरी परीक्षा में कला संकाय से टीनू श्रीवास 90.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, मुस्कान 79.8 द्वितीय एवं संगीता 79.2 तृतीय स्थान पर है। विज्ञान संकाय से आशी सोनी 84.4, सुमन वर्मा 78.8,प्रीति बंजारे 77.8के साथ प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय मे दो सगी बहनों प्रिया साहू 90.2 तथा प्रीति साहू 85 ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं, रीमा सिन्हा 83.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। संस्था के सभी व्याख्याता, शिक्षकों ने सफ़ल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम प्राप्त करें।



- हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 75 .8 एवं हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा।

**खबर संक्षेप**

### जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस



**बेमेतरा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी बेमेतरा रणवीर शर्मा, सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसआर चुरेन्द के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल बेमेतरा में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ चुरेन्द्र ने रेडक्रॉस के उद्देश्य की जानकारी दी और निस्वार्थ मानव सेवा के लिए जागरूक किया। जिला संगठक रेडक्रॉस उपेंद्र सेंगर ने बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मई को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के संस्थापक सर हेनरी ड्युनाट के जन्मदिवस के अवसर पर 8 मई को मनाया जाता है। संगठन का मुख्य उद्देश्य मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा, सार्व भौमिकता और एकता है। आपदाओ मे राहत प्रदान कर मानवीय सहायता करना ही रेडक्रॉस का उद्देश्य रहता है। इस अवसर पर जिला संगठन रेडक्रास सोसायटी एसटीआई परामर्शदाता के साथ जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, पैरामेडिकल, नर्सिंग चतुर्थ श्रेणी स्टाफ मरीजों के परिजन उपस्थित रहे ।

### मारो में धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती



**बेमेतरा/नारायणपुर।** नगर पंचायत मारो में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर के प्रभावना में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना व आरती कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल हुए। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक कमलाकांत पांडेय, संतोष चौबे,दशरथ चौबे, राजेंद्र मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, सोनू तिवारी, गजेंद्र पांडेय, मयंक तिवारी, राम चौबे, विजय मिश्रा, संतोष दुबे, मणिशंकर दीवान शैलेंद्र दुबे, राजेश पांडेय सुनील मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एक साल में ही उखड़ने लगी सड़क



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

जनपद पंचायत व ब्लॉक बेरला क्षेत्र के ग्राम मनियारी से बोतका पहुंच मार्ग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क सालभर नहीं हुए और उखड़ने लगी है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि ग्राम मनियारी से बोतका जाने के लिए 90 अंश का मोड़ है, जहां पर संकेतक सूचक बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। यह मार्ग ग्रामीण अंचल से होकर दुर्ग व बेमेतरा राजकीय मार्ग को जोड़ता है। ग्रामीणों के लिए प्राथमिक सड़क होती है, जिस पर सफर तय करते हैं। मापदंडों के अनुरुप सड़क नहीं बनने के कारण सड़क उखड़ने व जर्जर होने लगी है। विभागीय अफसर एवं ठेकेदार इस भारी भरकम लागत से बनी सड़क निर्माण के उखड़ने पर मरम्मत करा दिए हैं। सड़क की जर्जर हालत को देखकर ग्रामीण आक्रोशित हैं।

- ग्राम मनियारी से बोतका पहुंच मार्ग का मामला

## कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में छात्र एवं छात्राओं में शांति और सौहार्द्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर ने किया। अधिष्ठाता ने छात्र एवं छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है, जो इंटरनेशनल रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन को दर्शाता है। हेनरी ड्यूनांट की दृष्टि ने दुनिया में एक ऐसी संस्था की नींव रखी, जिसका उद्देश्य युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के समय में पीड़ित मानवता की सेवा करना है। आज के दिन हम उन सभी




स्वयंसेवकों और कर्मचारियों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को दूसरों की मदद करने में समर्पित कर दिया है। वे न केवल आपदा के समय में मदद करते हैं बल्कि शिक्षा, प्रथम चिकित्सा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सेवाएँ, और अधिक प्रदान करते हैं ताकि समुदायों को मजबूत बनाया जा सके। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर एक व्यक्ति के अंदर सेवा और समर्पण की भावना को जगाना ज़रूरी है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज ने अधिष्ठाता को समस्त महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र एवं छात्राओं की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्र एवं छात्राओं को संबोधित कर कहा कि अगर हमें अपने घर, परिवार, गांव, शहर, देश, विदेश में शांति बनाए रखना है तो मानवता को जीवित रखना जरुरी है इस अवसर पर, कॉलेज के प्राध्यापक और अधिकारी डॉ. के पी वर्मा, इन. डॉ टी डी साहू, उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. असित कुमार पाण्डेय, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. प्रीती पैंकरा, डॉ. भारती बघेल, प्रतिभा सिंह, एस आर साहू, स्वेता अग्रवाल, पति राम साहू, राजेश वर्मन, रीना कुर्रे, चन्द्र शेखर ठाकुर एवं महाविद्यालय के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

**सुविधाओं व सुरक्षा के बारे में ली जानकारी**

## जिला न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने जिला जेल बेमेतरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं व सुरक्षाओं के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कैदियों को मिलने वाले भोजन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए जिला



जेल से संबंधित इन्फास्ट्रक्चर, जेल की क्षमता, निरूद्ध बंदियों के लिए विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा जिला न्यायाधीश ने जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों को उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधा के बारे में तथा उनके खान-पान, प्राप्त होने वाले मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति से संबंधित जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की सचिव निधि शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01, जेल अधीक्षक दिनेश ध्रुव, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम चीफ दिनेश तिवारी, डिप्टी चीफ मोतीलाल वर्मा तथा पैरालीगल वॉलिन्टियर्स भी उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच
सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL
Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...
50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये
प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।
DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

## खबर संक्षेप



### वन बंधु महिला समिति की बैठक में आगामी कार्यों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एकल कार्यालय में बुधवार को वन बंधु परिषद महिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अप्रैल माह में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। इसी दौरान मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल को कोलकाता में आयोजित युवा सम्मेलन और पूर्वी क्षेत्र की बैठक में कांता सिंघानिया सहित 3 सदस्यों ने भाग लिया था, वही रायपुर महिला समिति ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संक्रांति संग्रह का दूसरा पुरस्कार कोलकत्ता में जीता। श्रीमती राठी ने बताया कि समिति की सदस्यों द्वारा 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बैठक में अंजली तापड़िया ने कार्यक्रम की रिपोर्टिंग के तरीके को समझाते हुए नए सदस्यों को पंचमुखी शिक्षा की प्रस्तुति के साथ विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सरिता रेखानी, अनिता खंडेलवाल, शताब्दी पांडेय, शशि बागड़ी, मीना अग्रवाल, सविता गुप्ता, सुधा शर्मा, डा. रेणुका शर्मा, मधु सिंघी, पूजा छाबड़ा, मधु मित्तल, पुष्पा साहू, आरती अग्रवाल, संध्या गुप्ता, रीता चोपड़ा, कल्पना खंडेलवाल मौजूद रहीं।

### शुरू नहीं हो पाया आक्सीजन प्लांट

**रायपुर।** कोरोना काल के दौरान पीएम केयर से मिले फंड से डीके अस्पताल के लिए लगाए गए लिक्विड आक्सीजन का प्लांट का काम अब तक शुरु नहीं हो पाया है। इस प्लांट की मदद से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक होने पर आक्सीजन सप्लाई की सुविधा मिल पाती। प्लांट बनाने के बाद इसकी गैस की सप्लाई अस्पताल परिसर तक करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्लांट की शुरुआत करने के लिए कुछ अनुमति प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसका काम अधूरा पड़ा है जिसकी वजह से प्लांट अभी भी शो-पीस बना हुआ है।

### आचार संहिता के बाद ई-लाइब्रेरी शुरू होने के आसार

**रायपुर।** शासकीय डेंटल कालेज के छात्रों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा आचार संहिता के बाद मिलने की संभावना बढ़ गई है। संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली पुरानी कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर अपना ध्यान देने शुरु किया था। लाइब्रेरी निर्माण के लिए अस्पताल द्वारा गठित कमेटी द्वारा विभिन्न बढ़े शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। करीब दस करोड़ की लागत से बनने वाले इस लाइब्रेरी का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका था जिस पर किसी तरह का फैसला होने से पहले आचार संहिता लागू हो गया था।

### मंत्रालय में नवनियुक्त कर्मचारियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**रायपुर।** मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन सेवा में नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए ओरियेंटेशन (प्रशिक्षण) कार्यक्रम का आयोजन सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान में किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी ने नवनियुक्त कर्मचारियों को मंत्रालयीन कार्य के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, अधिकारी कर्मचारी अपने अच्छे कार्य से प्रगति कर सकते है। उन्होंने कार्य पूरी मेहनत, लगन एवं समपर्ण की भावना से करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण के महत्व के संबंध में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान मंत्रालयीन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव के बारे में बताया।

# अंडरग्राउंड बिजली केबलिंग ने बिगाड़ा फायबर नेट का सिस्टम, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली केबिलंग का काम चल रहा है, जिसके कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। जिन खंभों को हटाया जा रहा है, उनमें विभिन्न कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। इन खंभों को हटाने के दौरान फायबर नेट केबलिंग को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण लाखेनगर, पुरानी बस्ती सहित आसपास के इलाकों के 100 से अधिक घरों में लगे जियो फायबर नेट की सेवा ही पिछले सप्ताहभर से ठप है।

हरिभूमि सरोकार

स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर में विद्युत खंभों को हटाकर केबल को अंडरग्राउंड कराने का काम कराया जा रहा है। इसके तहत केबल बिछाने के लिए खुदाई करने का काम नगर निगम को सौंपा गया है, वहीं खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा है। विद्युत खंभों में जियो सहित अन्य कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। खंभों को हटाने के दौरान नेट केबल को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण जियो का फायबर नेट केबल क्षतिग्रस्त हो रहा है।

पुरानी बस्ती से लाखेनगर में भी विद्युत खंभों को हटाने का काम चल रहा है। इसके कारण यहां खंभों में लगी जियो के फायबर नेट केबल को काटकर हटा दिया गया, जिसके कारण इस क्षेत्र के लगभग 100 घरों में पिछले सप्ताहभर से जियो फायबर नेट ही बंद पड़ा है, जिसके कारण इसकी सेवा ले रहे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### लाखेनगर-पुरानी बस्ती क्षेत्र के लगभग 100 घरों में जियो फायबर नेट की सेवा ठप



फाइल फोटो

- खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा
- नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे

#### नगर निगम से की है शिकायत

अंडरग्राउंड केबलिंग के कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। इसके कारण क्षेत्र में फायबर नेट की समस्या आ रही है। इस संबंध में नगर निगम से शिकायत की गई है।
- **जीतेंद्र अग्रवाल**, पार्षद, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

#### डीडीनगर में भी 3 दिन से सेवा बंद

शहर के डीडी नगर क्षेत्र के सेक्टर-1 में पिछले 3 दिन से जियो फायबर नेट की सेवा बंद है, जिसके कारण इस क्षेत्र के रहवासी भी नेट चालू नहीं होने से परेशान है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में एक विद्युत खंभे में आग लगी थी। इस खंभे में जियो फायबर नेट की केबल भी लगी हुई है। संभवतः इस आग के कारण ही जियो फायबर केबल जल गई है, जिसके कारण इसकी सेवा भी ठप है।

## शिकायत के बाद भी विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की

# चिखली खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनों से दिन-रात किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र स्थित चिखली रेत खदान में रेत माफिया दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करा रहे हैं। इसके लिए खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनें लगाकर बहुत कम समय में हाईवा गाड़ियों में रेत की लोडिंग कराकर परिवहन किया जा रहा है। खदान में चल रहे इस अवैध उत्खनन का लाइव वीडियो बनाते हुए छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ ने खनिज विभाग से शिकायत भी की है, लेकिन इस शिकायत के बावजूद खदान में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके कारण खदान में रेत माफिया के लोग बेखौफ होकर रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं।

खास खबर

### वीडियो में चेन माउंटेन मशीन से हाइवा में रेत लोडिंग करते लोग भी दिख रहे

छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने चिखली रेत खदान में चल रहे अवैध रेत का उत्खनन का विडियो बनाया है। इस विडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग नदी किनारे से चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन कर हाईवा में लोडिंग कर रहे हैं। यह विडियो रात में बनाया गया है। इस विडियो में 5-6 चेन माउंटेन मशीनों के साथ आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसमें रेत भरी जा रही है। संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि इसकी शिकायत वे खनिज विभाग के अधिकारियों व इंस्पेक्टरों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

*रेत माफिया को संरक्षण प्राप्त : विनोद अग्रवाल ने कहा है कि शिकायत के बाद भी रेत माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि रेत माफिया को किसी ऐसे व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी पकड़ विभाग के अधिकारियों तक है, इसलिए शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।*



### 13 में 4 को एनओसी, वहां भी नियम विरुद्ध लोडिंग

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 13 रेत खदानों में अब तक 4 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है। इनमें कुरुद, हल्दीडीह, पारागांव एवं कुम्हारी में एक-एक खदान है। इन खदानों में भी नियम विरुद्ध तरीके से चेन माउंटेन मशीनों से ही रेत की लोडिंग कराई जा रही है।

### एनओसी के बिना जारी खदान में उत्खनन

सूत्रों के अनुसार चिखली रेत खदान को सीआ से रायल्टी पर्ची पर उत्खनन करने की एनओसी नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी खदान में रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार एनओसी मिलने के बाद भी खदान में रेत की लोडिंग मजदूरों के जरिए कराया जाना है, लेकिन ठेकेदार चेन माउंटेन मशीन से लोडिंग करा रहे हैं।

#### शिकायत मिली है तो कार्रवाई कराएंगे

चिखली खदान में अवैध रेत उत्खनन-परिवहन किए जाने की शिकायत आई है, तो इस पर कार्रवाई कराएंगे।
- **गौरव सिंह**, कलेक्टर रायपुर

# दो दिन लगातार ड्यूटी, थकान मिटाने कोई पूरे दिन-कोई आधे दिन रहे छुट्टी पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव में रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथों पर ड्यूटी करने वाले कई अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी की थकान मिटाने के लिए बुधवार को अवकाश पर रहे, वहीं कई आधे दिन की छुट्टी पर रहे।

जिलेभर से पोलिंग बूथों पर लगभग साढ़े 11 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके साथ अधिकारियों की भी पोलिंग बूथों पर नजर रखने के साथ अन्य चुनाव गतिविधियों की जिम्मेदारी दी गई थी। इस तरह सभी अधिकारी-कर्मचारी 6 मई को सुबह 6 बजे से मतदान सामग्री वितरण व मतदान दलों के पोलिंग बूथों पर रवाना करने के दिन से लेकर दूसरे दिन 7 मई को शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक लगातार दो दिन तक ड्यूटी करते रहे। ईवीएम मशीनों को जमा करने का काम स्ट्रांग रूम में देर रात तक चलता रहा। इस कारण कई अधिकारी-कर्मचारी सुबह अपने घर लौट पाए। इसके कारण कई अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से थक चुके थे। इस थकान को मिटाने के लिए कई अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन, तो कई आधे दिन की छुट्टी लेकर आराम करते रहे। इधर इन अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहने के कारण कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों से लेकर, तहसील कार्यालय एवं शिक्षा विभाग कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा।

#### मिलेगा मानदेय

चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के रूप में मानदेय दिया जाएगा। यह मानदेय पद के अनुसार अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान कई कर्मचारियों और अधिकारियों को मानदेय अब तक नहीं मिल पाया है। जिन्हें मानदेय नहीं मिला है, ऐसे अधिकारी-कर्मचारी संकोच के कारण जिला प्रशासन के अधिकारियों से मानदेय की मांग भी नहीं कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि मानदेय सभी को मिल चुका है। अगर जिन्हें नहीं मिला है, तो वे आकर हमें बताएं, उन्हें भी दिया जाएगा।

# प्रशासनिक प्रक्रिया से बाहर नहीं निकली पैट सीटी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद कैंसर प्रभावित मरीजों के बीच जांच की सुविधा को लेकर जागी उम्मीद अधूरी प्रशासनिक प्रक्रिया की वजह से पूरी नहीं हो पाई है। इस मशीन की टेस्टिंग के लिए अस्पताल प्रबंधन को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

आंबेडकर अस्पताल में वर्ष 2018 में करीब कैंसर के मरीजों की जांच के लिए पैट सीटी मशीन एवं गामा कैमरा खरीदा था। मशीन लगाने के बाद इसका उपयोग शुरु नहीं हो पाया था और मामला विवादों में फंस गया था। कुछ माह पहले नए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीज हित को ध्यान में रखते हुए उक्त मशीन को पुनः शुरु करने के निर्देश दिए थे। इससे बाद लोगों को आस जागी थी कि इसका फायदा मिलेगा मगर इसके बाद मामला पुनः प्रशासनिक स्वीकृति पर जाकर अटक गया है। अस्पताल प्रबंधन मशीन को लेकर किसी भी तरह की जांच अथवा अन्य कार्य बिना प्रशासनिक सहमति के शुरु नहीं कर सकता। मशीन की सक्रियता परखने के लिए सबसे पहले उसके जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से करानी पड़ेगी। यह काम तभी शुरु हो सकता है जब शासन की ओर से इसके लिए स्वीकृति मिल सके। शासकीय स्तर पर पैट सीटी मशीन के माध्यम से जांच की सुविधा केवल एम्स में है जहां मरीजों को दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ता है। निजी अस्पतालों में इसके लिए मरीजों को दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं।

- **आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन कर रहा स्वीकृति का इंतजार**

# अगले साल टीबी उन्मूलन का लक्ष्य, अस्पतालों में दवा का टोटा, भटक रहे मरीज, केंद्र से नियमित आपूर्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगले साल तक छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारतवर्ष को टीबी मुक्त बनाने के दावे के बीच संक्रमित मरीज दवाओं के लिए भटक रहे हैं। केंद्र से नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से सरकारी अस्पतालों में इसका टोटा है और कई चक्कर लगाने के बाद मरीजों को महीनेभर की दवा नहीं मिल पा रही है। टीबी नियंत्रण के लिए छह महीने तक लगातार दवाओं का सेवन करना आवश्यक है, नहीं तो इसका समाधान होना मुश्किल होता है।

नियम के अनुसार टीबी संक्रमित मरीजों को घर के समीप स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में संबंधित दवा की सुविधा दी जाती है। पिछले तीन महीने से दवा का स्टाक कम होने की वजह से पंजीकृत मरीजों को इसके लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार टीबी के प्राथमिक लक्षण मिलने के बाद संबंधित मरीज को 3 एफडीसी अथवा 4 एफडीसी नामक दवा निशुल्क दी जाती है। व्यवस्था सामान्य रहने के दौरान पंजीकृत संक्रमित शख्स नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में शासकीय व्यवस्था के तहत एक से दो महीने की दवा लेकर आता था, मगर अभी स्थिति बदली हुई है। संक्रमितों को विभिन्न अस्पताल के चक्कर लगाने के बाद सप्ताहभर की दवा मिल पा रही है। सूत्रों के अनुसार दवा की सप्लाई केंद्र स्तर पर की जाती है, जो पिछले कुछ समय से नियमित नहीं है। इसकी वजह से स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसकी कमी हो चुकी है, जिसका सीधा असर टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जाने वाले अभियान पर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। दवा की दिक्कत छत्तीसगढ़ के साथ देश के कुछ अन्य राज्यों में भी बनी हुई है।

हरिभूमि सरोकार

### नियंत्रण के लिए छह महीने का कोर्स अनिवार्य नहीं तो समाधान नहीं

#### लूज दवाओं का उपयोग

शासकीय स्तर पर जो दवा उपलब्ध कराई जाती है, वह कई फार्मूला मिलाकर बनाई जाती है। इसकी आपूर्ति नहीं होने की वजह से मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखकर अलग-अलग फार्मूले की लूज दवा देकर काम चलाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि यह दवा मेडिकल स्टोर्स में नहीं मिलती, जिसकी वजह से परेशानी ज्यादा है। कई बार सभी लूज दवा एक साथ नहीं मिलने की वजह से मरीजों को कई स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाना पड़ जाता है।

#### दवा की खेप मिली, जल्द समाधान

पिछले कुछ समय से टीबी संबंधित दवा की कमी के कारण दिक्कत हो रही थी। इसकी नई खेप आ चुकी है, जिसे जल्दी ही स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मरीजों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
- **डॉ. अविनाश चतुर्वेदी**, जिला नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

#### इनकी परेशानी

*केस-1*
*रायपुरा में रहने वाले परमेश साहू (परिवर्तित नाम) ने बताया कि पिता पिछले चार माह से टीबी की दवा खा रहे हैं। दवा के लिए उसे कई स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।*

*केस-2*
*आरंग ब्लाक के मरीज रविंद्र (बदला नाम) ने बताया कि पहले स्वास्थ्य केंद्रों में दो महीने की दवा आराम से मिल जाती थी, मगर सप्ताहभर अथवा पंद्रह दिन के डोज के लिए भटकना पड़ता है।*

*केस-3*
*उरकुरा में रहने वाले उत्कर्ष साहू के अनुसार पहले उरला अथवा गुढ़ियारी के स्वास्थ्य केंद्र में दवा मिल जाती थी। इस बार दवा के लिए उसे कालीबाड़ी अस्पताल तक आना पड़ा।*

#### राज्य में करीब 20 हजार मरीज

सूत्रों के अनुसार राज्य में टीबी संक्रमित पंजीकृत मरीजों की संख्या 20 हजार के आसपास है। विभागीय स्तर पर इन्हें उपचार के साथ निक्षय मित्र योजना के तहत छह महीने तक पौष्टिक भोजन के लिए फूड बैग भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रायपुर जिले में करीब छह हजार मरीज पंजीकृत हैं, जिन्हें संक्रमण मुक्त करने के लिए निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जा रही है।

## वोटिंग में 8 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष मतदाता आगे

# रायपुर लोकसभा में 66.82% पड़े वोट पिछले चुनाव की तुलना में कम हुई वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए इस बार कुल 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है। मंगलवार को मतदान के दिन शाम 5 बजे तक वोटिंग का प्रतिशत 61.25 था। इसमें 5 से 6 बजे के बीच हुई एक घंटे की वोटिंग का प्रतिशत 4.85 रहा। इस तरह वोटिंग कुल प्रतिशत बढ़कर 66.82 पहुंच गया है। वास्तविक प्रतिशत निकाले जाने के बाद रायपुर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा वोटिंग का प्रतिशत अभनपुर विधानसभा में दर्ज किया गया है। यहां 81.19 प्रतिशत वोटिंग हुई है, वहीं 75.64 प्रतिशत वोटिंग के साथ धरसींवा विधानसभा दूसरे नंबर पर रहा। इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण में 59.24%, रायपुर पश्चिम में 56.65%, रायपुर उत्तर में 57.71%, रायपुर दक्षिण में 61.42%, आरंग में 72.73% वोट पड़े हैं। इसके अलावा बलौदाबाजार में 73.24% तथा भाटापारा विधानसभा में 69.53 % वोटिंग हुई है। इस तरह सबसे कम वोटिंग रायपुर पश्चिम में हुई है। रायपुर लोकसभा चुनाव में पिछले बार की तरह इस बार भी वोटिंग करने में पुरुष मतदाताओं में ज्यादा उत्साह दिखा, जिसके कारण 9 में से 8 विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं ने महिला मतदाताओं की तुलना में ज्यादा वोट किए हैं। रायपुर ग्रामीण को छोड़कर अन्य सभी विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत ज्यादा रहा।



### अंतिम मतदान दल रात साढ़े तीन बजे लौटा

*मतदान की प्रक्रिया 7 मई को शाम 6 बजे तक चली। इसके बाद मतदान दल रात करीब 8 बजे से सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को जमा कराने के लिए पहुंचने लगे। विभागीय सूत्रों के अनुसार मतदान दलों के सेजबहार पहुंचने का क्रम रात साढ़े तीन बजे तक चला। आखिरी मतदान दल आरंग विधानसभा क्षेत्र से पहुंचा था। इस दौरान स्ट्रांग रूम में देर रात तक मतदान दलों की ईवीएम मशीनें जमा कराने के लिए भी लंबी कतारें लगी रहीं। ईवीएम मशीनों को जमा करने के दौरान मतदान केंद्र का नंबर, मतदान दल के पीठासीन अधिकारी का नाम, उसके हस्ताक्षर, ईवीएम मशीनों के सीरियल नंबर आदि की एंट्री रजिस्टर में की जा रही थी। इस तरह एक बूथ की ईवीएम मशीनों को जमा करने में 15 से 20 मिनट लग रहे थे, जिसके कारण जमा करने का काम सुबह 8 बजे तक चलता रहा।*

# ऑफिसर कॉलोनी के वोटर भी रुचि नहीं दिखाए वोटिंग में, इसलिए 870 में 372 ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा चुनाव में इस बार शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम रहा। मतदाताओं ने वोट करने में ज्यादा रूची नहीं दिखाई। इनमें देवेंद्र नगर ऑफिसर कालोनी के वोटर भी शामिल है। इस कालोनी में 870 वीआईपी वोटर है, लेकिन इनमें से महज 372 ही वोटर वोट देने पहुंचे थे। इससे पता चला कि शहर में चाहे ऑफिसर कालोनी हो या फिर आम लोगों की कालोनी। वोट देने के लिए मतदाता बहुत कम निकले।

विदित हो कि जिले में मतदान शुरू होते ही सुबह से प्रशासन के अधिकारी वोटिंग करके अपने फोटो सोशल मीडिया में शेयर करने लगे थे, जिससे आम वोटर मतदान करने के लिए प्रेरित हों, लेकिन देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी के लोग इससे ज्यादा प्रेरित नहीं हुए। यहां के वोटरों के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। इसमें सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक सिर्फ 372 वोटर ही पहुंचे। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी यहां सिर्फ 354 वोटर ही पहुंचे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रामीण और बस्ती इलाकों के पोलिंग बूथों में वोटिंग का प्रतिशत 80 फीसदी तक रहा है। दूसरी ओर आईएएस और आईपीएस रैंक के अधिकारी व उनके परिवार जहां रहते हैं, वहां 46 प्रतिशत ही मतदान हुआ है।

एक अभियान में बताया था कि शहर में 6 लाख से ज्यादा लोग वोटिंग करने नहीं पहुंचते। इनमें शिक्षित वर्ग के मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में ऐसे अधिकारी निवास करते हैं जिन्हें वोटिंग कराने का जिम्मा मिला था। इसके बाद भी अधिकतर अधिकारी वोटिंग करने के लिए नहीं निकले।

## खबर संक्षेप

### शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को, सीएम भी होंगे शामिल



**रायपुर।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 मई को प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजन अर्चन, शोभायात्रा, भोजन प्रसादी, शंकराचार्य जी पर व्याख्यान, अतिथि स्वागत, प्रतिभा सम्मान, युवक युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। यह जानकारी कोषाध्यक्ष योगेंद्र पूरी गोस्वामी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महंत रामसुंदर दास, डॉ. महेश गिरि दिल्ली, महंत सच्चिदानंद गिरि दिल्ली और वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी उपस्थित होंगे।

### अब तक नहीं मिला बैकलॉग फ्री सर्टिफिकेट

**रायपुर।** मोतियाबिंद फ्री स्टेट अभियान के तहत चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद की सर्जरी करने के बाद भी रायपुर समेत कई जिलों को बैकलॉग सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से करीब डेढ़ साल पहले इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। छत्तीसगढ़ ने मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए ब्लाक स्तर पर इस अभियान की शुरुआत की थी और सफलता को देखते हुए इसे जिला स्तर पर लागू किया था।छत्तीसगढ़ में सबसे पहले कवर्धा जिले ने बैकलॉग फ्री होने का दावा किया इसके बाद रायपुर, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, रायगढ़, बालोद, धमतरी, दुर्ग और कोरबा की ओर से इस मामले में दावे आए थे।

### स्वास्थ्य केंद्रों में फिर खाली हुए लू वार्ड

**रायपुर।** मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से राज्य में गर्मी अपना लंबे समय तक नहीं दिखा पाई है। इसकी वजह से जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बनाए गए लू वार्ड एक बार फिर वीरान हो चुका है। रायपुर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही गर्मी से बचाव के लिए भी लोग जागरूक हो चुके है इसकी वजह से लू जैसी शिकायतें काफी कम संख्या में सामने आते हैं। चिकित्सकों की माने तो अभी मई के बड़े दिन शेष है इसके अलावा जून के पहले पखवाड़े में भी गर्मी अपना असर दिखाती है इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है।

### कबाड़ी दुकान से 1.60 लाख का कबाड़ चोरी

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक कबाड़ी दुकान के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपनी दुकान से एक लाख 60 हजार रुपए का कबाड़ चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रवि कुमार पारधी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि उसकी एमजीएम अस्पताल के पीछे आमासिवनी में कबाड़ की दुकान है। अज्ञात चोर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात चारपहिया वाहन में कबाड़ चोरी कर ले गया।

### महिला से गाली गलौज

**रायपुर।** भिलाई में मारपीट कर गाली गलौज करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम जरवाय बजरंग पारा चौक निवासी एमेन्द्र कुमार साहू ने शिकायत किया है कि धनुष ठाकुर पत्नी देवकी साहू को देख मुंह से थूक देता था 8 मई की दोपहर 1.20 बजे घर खाना खाने पहुचा था। इस दौरान आरोपी धनुष ठाकुर ने मुंह में थूक दिया और गाली गलौज कर रहा था। जिसे देख एमेन्द्र ने विरोध करने पर आरोपी धनुष ठाकुर, लक्की, माना ठाकुर के साथ आकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित से मारपीट किया। घटना में पीड़ित के बांये हाथ, बांये गला, सीना, दाहिने कंधा के पास चोटें आई है।

# निर्माण कार्य के कारण रेल यात्रियों का सफर दो दिन प्रभावित, नहीं चल रहीं 22 ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन पर निर्माण कार्य के कारण अगले दो दिन तक छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। भरी गर्मी के दिन में 22 ट्रेनें नहीं चलने की वजह से यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। जिन ट्रेनों को स्थगित किया गया है, वे ज्यादातर लोकल और पैसेंजर ट्रेन हैं।

गर्मी की छुट्टियां मनाने अक्सर लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाते हैं, ऐसे लोगों को ट्रेनें नहीं चलने की वजह से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोकल और पैसेंजर ट्रेनों के माध्यम से अपना सफर पूरा करने वालों को बस में ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं अथवा उस रूट में चलने वाली अन्य ट्रेनों में सवार होकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। इतवारी अथवा नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेशन में होने वाले एलएचएस पुशिंग की वजह से मई महीने में दो किस्तों में ट्रेनों की आवाजाही को बाधित किया गया है। पहला चरण बुधवार से प्रारंभ हो गया, जो शुक्रवार तक लागू रहेगा। स्थगित होने वाली 22 ट्रेनों में कुछ रायपुर से होकर गुजरती हैं। इस ट्रेन के नहीं चलने के कारण यात्रियों को दूसरा विकल्प तलाशना पड़ रहा है।

## इतवारी स्टेशन पर निर्माण कार्य, ज्यादातर लोकल ट्रेनें

### नहीं चल रही यह रेलगाड़ी

बुध, गुरु और शुक्रवार को डोंगरगढ़-गोंदिया, इतवारी-रामटेक, इतवारी-बालाघाट, इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन आवाजाही नहीं करेगी। इसके साथ ही इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस और नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस 8 से 10 मई के बीच रद्द रहेगी। वहीं 9 से 11 मई के बीच गोंदिया-डोंगरगढ़, इतवारी-गोंदिया, इतवारी-रामटेक-इतवारी मेमू पैंसेजर नहीं चलेगी। शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस 9 से 11 मई को रद्द रहेगी।



### गोंदिया-छपरा ने रास्ता बदला

प्रयागराज रेलवे स्टेशन में चल रहे आधुनिकीकरण कार्य की वजह से गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच संचालित होने वाली ट्रेन को अपना रास्ता बदलना पड़ गया है। यह ट्रेन मानिकपुर-प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग-बनारस के स्थान परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी जंक्शन-जिवनाथपुर-बनारस जौनपुर जंक्शन होकर चलेगी।

### दोपहर की ट्रेन रात आ रही

एक ओर ट्रेन रद्द हो रही है, वहीं जो चल रही हैं, लेटलतीफी की वजह से उनका भी बुरा हाल है। दोपहर को संचालित होने वाली ट्रेनें रात में रायपुर स्टेशन तक पहुंच रही हैं। हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद 24 घंटे लेट यानी दूसरे दिन रायपुर पहुंची। अमृतसर से बिलासपुर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस करीब 17 घंटे विलंब से पहुंची। यशवंतपुर-बिलासपुर एक्सप्रेस 14 घंटे लेट से आई है।

## आमानाका डिपो में 60 ई बस, पंडरी में 40 बसों के लिए बन रहा डिपो

# 100 ई बसों के लिए 16 रूट चिन्हांकित, नए रूट के लिए भी एजेंसी से कराया जाएगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी रायपुर में सुगम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा उपलब्ध कराने शहर में ईको फ्रेंडली बसें चलाई जाएंगी। केन्द्र सरकार की पीएम बस योजना के तहत रायपुर शहर के लिए 100 ई बसें स्वीकृत की गई हैं। भारत सरकार की गाइड लाइन के हिसाब से इन बसों का संचालन सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने किया जायेगा। 100 ई बसों के लिए नगर निगम ने 17 रूट चिन्हांकित कर रखा है। इसके साथ ही नए रूट के लिए भी एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया जायेगा।

- बस डिपो के लिए निगम करायेगा सिविल वर्क, बिजली का काम करेगा विद्युत विभाग

दरअसल, प्रधानमंत्री ई बस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 4 शहरों को 240 ई बसों की मंजूरी मिली है। रायपुर, दुर्ग- भिलाई, बिलासपुर और कोरबा को ई बसों के संचालन की स्वीकृति केन्द्र शासन से मिली है। पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों को बेहतर परिवहन की सुविधा देने यह पहल की जा रही है। इस योजना में रायपुर को 100 ई बस, दुर्ग-भिलाई को 50, बिलासपुर को 50 और कोरबा शहर के लिए 40 बसें केन्द्र सरकार खरीद कर देगी। साथ ही इसके संचालन की वित्तीय व्यवस्था भी केन्द्र शासन के माध्यम से की जायेगी। इसमें एक बड़ा हिस्सा संबंधित शहर में बस डिपो जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए खर्च किया जायेगा।



### पंडरी और आमानाका में सिटी बस डिपो

100 ई बसों को रखने के लिए नगर निगम द्वारा पंडरी के पुराना बसस्टैंड और आमानाका में 2 नए सिटी बस डिपो बनाए जा रहे हैं। इनमें से आमानाका में 60 बसें और पंडरी में 40 नई ई बसों को रखने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही पंद्रहवें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से नगर निगम 10 ई बसों की भी खरीदी कर रहा है। *- विनोद पांडे, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### ई बसों के लिए 2 जगहों पर सिटी बस डिपो

प्रोजेक्ट के प्रभारी अधिकारी के बताया कि 100 नई ई बसों में से 40 बसों को रखने पंडरी के पुराने बसस्टैंड कैंपस में सिटी बस डिपो बनाने की तैयारी है। इसी तरह आमानाका डिपो में नया सिटी बस डिपो बनाने के लिए इस्टीमेट बनाकर एप्रूवल के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। भारत सरकार की गाइड लाइन के हिसाब से आमानाका और पंडरी में नया सिटी बस डिपो बनेगा। इसके लिए केन्द्र से महीनेभर पूर्व एक टीम पंडरी और आमानाका में प्रस्तावित सिटी बस डिपो स्थल का जायजा लेकर जा चुकी है। बसों की खरीदी एक साथ होगी। आपरेटर तय करने का काम केन्द्रीय स्तर पर होगा। केन्द्र से अनुबंधित बस आपरेटर को नगर निगम प्रति किलोमीटर के हिसाब से राशि का भुगतान करेगा। अनुबंधित आपरेटर बसों का संचालन करेगा। इसके साथ ही मेंटनेंस और बिजली खर्च भी वहन करेगा।

### 17 चिन्हांकित रूट

- रायपुर रेलवे स्टेशन से पंडरी बसस्टैंड, अवंति चौक से मोवा होते जीरो पाइंट विधानसभा, दोंदे, खरोरा।
- रेलवे स्टेशन से फाफाडीह और फाफाडीह से सिलयारी स्टेशन।
- रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट, एयरपोर्ट से टाटीबंध चौक, भिलाई, दुर्ग रेलवे स्टेशन।
- रायपुर रेलवे स्टेशन से तेलघानी नाका, हीरापुर नंदनवन।
- रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, मैग्नेटा मॉल, एमएम फन सिटी, भानसोज।
- रायपुर एम्स हास्पिटल से आमानाका, जयस्तंभ चौक, तेलीबांधा, सेरीखेड़ी, आरंग।
- रेलवे स्टेशन से शास्त्री चौक, आमापारा, कुम्हारी होते अहिवारा।
- रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, माना बस्ती, चंपारण।
- रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक पचपेड़ी नाका, अभनपुर।
- रेलवे स्टेशन से तेलीबांधा, मंदिर हसौद, कुरुद, चंदखुरी।
- रेलवे स्टेशन से जेलरोड, घड़ी चौक, गौरवपथ, नेशनल हाईवे 6, जोरा इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय।
- मंत्रालय डीकेएस भवन गेट नंबर 4 जेलरोड, घड़ी चौक, गौरवपथ, नेशनल हाईवे 6 जीरो इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय।
- कबीरनगर, हीरापुर चौक, पचपेड़ीनाका, एनएच 43, डूमरतराई, नया रायपुर, मंत्रालय।
- टाटीबंध चौक से डीडीनगर, संतोषीनगर, सेरीखेड़ी, जोरा, इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय।
- एनएच 43 से नया रायपुर रोड नंबर 2, क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर।

# आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिंदी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिंदी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। श्री पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नितिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

### इप्टा की बाल व तरूण नाट्य कार्यशाला कल से

**रायपुर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरूण नाट्य कार्यशाला भिलाई में 10 मई से शुरू हो रही है। यह कार्यशाला 30 मई तक चलेगी। इस नाट्य शिविर में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा योग, क्राफ्ट, थिएटर, गायन, चित्रकला, मूर्तिकला, अभिनय, स्क्रिप्ट राइटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रसिध्द साहित्यकार, कहानीकार, लेखक, व्यंग्यकार, लोक कलाकार और पत्रकारों से रूबरू भी कराया जाएगा, ताकि बच्चों और किशोर का सर्वांगीण विकास हो।

केस वापस लेने का दबाव बनाने युवती के पति, परिजनों को झूठे केस में फंसाया

# पुलिस अफसर होने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया और रेप, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कोतवाली थाने में दो वर्ष पूर्व दर्ज रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने रेप के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण पंकज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई। केस वापस लेने का दबाव बनाने रेप के आरोपी ने युवती के पति तथा परिजनों को झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाया था। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने पीयूश तिवारी को 27 वर्षीय युवती के साथ रेप करने के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक युवती ने चार वर्ष पूर्व 3 जनवरी 2020 को पीयूश के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के दो वर्ष पूर्व युवती की पीयूश के साथ पहचान हुई थी। तब उसने युवती को अपने आपको डीएसपी होना बताया था। इसके बाद पीयूश ने युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप किया। शादी करने का दबाव बनाने पर पीयूश ने इनकार कर दिया।



### परिजनों को झूठे केस में फंसाया

युवती ने कोर्ट में बताया कि बार-बार परेशान किए जाने की वजह से उसने पीयूश के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई। इसकी जानकारी मिलने पर पीयूश ने युवती के पति तथा उसके परिजनों के खिलाफ भिलाई तथा मौदहापारा थाने में झूठी एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवाया। इसके बाद पियूश युवती को उसके पति तथा परिजनों को जमानत दिलाने के नाम पर राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में ले गया, वहां उसने युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर रेप किया। साथ ही पीयूश से तलाक लेकर अपने साथ रखैल के रूप में रहने दबाव बनाया।

### बचाव के लिए पुलिस को गवाह बनाया

लोक अभियोजक के मुताबिक रेप के आरोपी ने बचाव के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। युवती के परिजनों के खिलाफ झूठे केस दर्ज कराने के साथ ही आरोपी ने अपने बचाव के लिए पुलिस को गवाह बनाकर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर पीयूश के खिलाफ दर्ज अपराध को सही पाते हुए कैद की सजा सुनाई।

### जानकारी जुटाने पर निकला फर्जी पुलिस अफसर

शादी से इनकार करने पर युवती ने पीयूश के बारे में जानकारी जुटाई, तब उसे पता चला कि पीयूश फर्जी पुलिस अधिकारी है। साथ ही वह पूर्व से विवाहित है। इसके बाद युवती पीयूश के साथ संबंध तोड़कर अपने परिजनों के साथ बिलासपुर चली गई और परिजनों की सहमति से इंदौर के लड़के से शादी कर ली। युवती की शादी होने की जानकारी मिलने पर पीयूश ने युवती पर संबंध बनाने दबाव बनाया। ऐसा नहीं करने पर युवती को उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा।

# पद्म पुरस्कारों के लिए केंद्र सरकार ने मंगाए प्रस्ताव, कहा- योग्य व्यक्तियों की करें तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

वर्ष 2025 में दिए जाने वाले पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कारों के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव मंगाए हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र भेजा गया है। नामांकन प्रस्ताव 15 सितंबर तक ऑनलाइन माध्यम से लिए जाएंगे।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों से कहा है कि पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित जिले के के योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव 30 अगस्त तक सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाएं। केंद्र सरकार के गृह विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन, सिफारिशें केवल ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार की जाएंगी, जिसे इसी उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किया गया है। नामांकन, सिफारिश में अनुशंसित व्यक्ति की उससे संबन्धित क्षेत्र, विषय में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए प्रशस्तिपत्र (अधिकतम 800 शब्द) में दिया जाना चाहिए।



### योग्य व्यक्तियों की करें तलाश

संयुक्त सचिव ने पत्र में लिखा है, अतीत में देखा गया है कि बड़ी संख्या में व्यक्तियों के संबंध में नामांकन प्राप्त होते हैं, लेकिन असाधारण योगदान के बावजूद कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों के नाम पर विचार नहीं किया जाता। ज्यादातर ऐसे लोगों की मुख्य रूप से इस कारण से अनदेखे रहने की संभावना रहती है कि उन्हें अपने सार्वजनिक जीवन में प्रचार या प्रमुखता की आकांक्षा नहीं रहती। इसीलिए, अनुरोध है कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के पूरे प्रयास किए जाएं जिनका उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियां सम्मान योग्य हैं और उनका उपयुक्त नामांकन किया जाए। ऐसे योग्य व्यक्तियों के सम्मान से इन पुरस्कारों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

# बेतरतीब शहर को अब नए मास्टर प्लान की है दरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

चौतरफा समस्याओं से जूझ रहे भिलाई के सुव्यवस्थित बसाहट और विकास के लिए नए मास्टर प्लान की दरकार है। इससे शहर के नए सिरे से सुव्यस्थित विकास के साथ ट्रैफिक और पब्लिक प्लेस जैसी समस्याओं का निदान हो सकेगा। मास्टर प्लान लागू करवाने के लिए जन प्रतिनिधियों और जागरुक संगठनों को शासन पर दबाव बनाने की जरुरत है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप और रेलवे ट्रैक के इस पार दो हिस्सों में बंटा शहर अपनी समस्याओं के चलते अब नियोजन मांग रहा है। भिलाई में का टाउनशिप वाला आधा शहर भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के समय से ही सुनियोजित तरीके से बसा हुआ है। लेकिन पटरीपार का एरिया पिछले पचास साल के दौरान अव्यवस्थित बसाहट की समस्या की चपेट में है।





बीते वर्षों में जिन सरकारी एजेंसियों पर विकास की जिम्मेदारी थी, उनके गंभीर नहीं होने और एक प्रभावी मास्टर प्लान की कमी के चलते पचास वार्डों में फैला आधा शहर वर्तमान में अनियोजन और अव्यस्थित बसाहट से जूझ रहा है। इस कारण नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 1972 में साडा फिर नगर निगम भिलाई पर इस क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं और निर्माण आदि की जिम्मेदारी थी। इसके पूर्व कैंप और खुर्सीपार आदि क्षेत्र में निर्माण और संधारण सेवाएं भिलाई इस्पात संयंत्र निभा रहा था। इस दौरान स्टील सिटी और महानगर निगम के गठन की मांगों और अरबों के विकास के दावों के बीच जमीन स्थिति यह है कि महानगरीय तर्ज पर बेतरतीब फैल रहे शहर में ट्रैफिक, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पब्लिक प्लेस और उद्यान, सड़कों, नालियों आदि जन सुविधाओं, अवैध कब्जों आदि से संबंधित विकट समस्याएं काई की तरह जमती जा रही है। इस दौरान अंडरब्रिज जैसे कुछ निर्माण हुए भी तो फेल हो गए।

### ठेका श्रमिक लाल बहादुर के परिवार को मिला मुआवजा

**भिलाई।** निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत ठेका मजदूर लाल बहादुर सिंह के मुआवजा के विवाद का समाधान बुधवार को हो गया। सभी पक्षों की मौजदूगी में हुई समझौता बैठक में ठेका एंजेंसी द्वारा मृतक मजदूर के परिवार को मुआवजा राशि का चेक दिया गया। मृतक का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल के पंप हाउस में ठेका श्रमिक लाल बहादुर सिंह की 6 मई को दुर्घटना में लाल बहादुर सिंह की मृत्यु हो गई थी। परिवार वाले बीएसपी में नौकरी और ठेकेदार से मुआवजा की मांग कर रहे थे। बुधवार को परिवार वालों ने प्रबंधन के समक्ष बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी। लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने उनका गेट पास, एसएमएस -2 और कार्य क्षेत्र एसएमएस -2 होने के कारण नियमों के मुताबिक अनुकंपा नियुक्ति के नियम में नहीं आने के कारण उन्हें अनुकंपा नियुक्ति का ऑफर लेटर नहीं दिया जा सका ।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### प्रगति विद्यालय में 95.8 प्रतिशत लेकर शिल्पी रही पहले स्थान पर

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षाफल में प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 वीं की छात्रा शिल्पी देवांगन पिता राजेंद्र देवांगन देवरी बंगला ने सर्वाधिक 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर विनीता साहू ने 82 तथा साहिल भुआर्य ने 80.8 प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुल 34 विद्यार्थियों में 13 प्रथम ,08 द्वितीय,01 तृतीय ,04 को पूरक की पात्रता मिली , इसी तरह कक्षा 12 वीं में कृषि संकाय के जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने 83.8% अंक प्राप्त कर प्रथम , गणित संकाय की लक्ष्मी देवांगन ने 82.8% अंक प्राप्त कर दूसरा एवं चंचल जैन जीवविज्ञान संकाय में 82.6% प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया , कुल 30 विद्यार्थियों में 14 प्रथम ,06 द्वितीय,01 तृतीय तथा 04 को पूरक की पात्रता मिली। सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था अध्यक्ष हस्तीमल सांखला , सचिव फूलचद जैन , ललित सिंह गौर , प्राचार्य राजकुमार देवांगन , प्रधानाचार्य कीर्तिबाला टांक , मंजूलता दिल्लीवार , परीक्षा प्रभारी बलदेव सिंह यादव , राधेश्याम गंजीर , उमेंद कुमार सिन्हा , मूलचद साहू सहित सभी पदाधिकारी एवं स्टाफ ने बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### शासकीय विद्यालय कुथरेल के 25 बच्चे प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

**अंडा।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला कुथरेल के 10 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया जिसमें विद्यार्थियों का बेहतरीन परिणाम रहा। 25 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 27 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 04 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत कुथरेल के समस्त जनप्रतिनिधियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सरपंच राजश्री चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, प्राचार्य इंदु मलिक, श्री गौतम, उपसरपंच लोमश चन्द्राकर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं जनप्रतिनिधियों ग्राम पंचायत कुथरेल ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जिला प्रशासन ने प्रेक्षकों का किया धन्यवाद ज्ञापित

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 7 में 7 मई 2024 को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न सफलता में प्रेक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी कुमार देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे की उपस्थिति में जिला प्रशासन की ओर से सामान्य प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी को नंदी की मूर्ति भेंट की।

साथ ही कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रेक्षकों को मतदान प्रकिया में उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### निषाद समाज का महासम्मेलन 12 को

**दुर्ग।** जिला निषाद केवट समाज का महासम्मेलन 12 मई को ग्राम पंचायत चिरपोटी ब्लाक दुर्ग में आयोजित की गई है। उक्त महासम्मेलन में जिले के समस्त से तहसील एवं गांव ब्लाक क्षेत्र से स्वजाती बंधू पुरुष महिला, बच्चे सहित शामिल होंगे।

## निधन

### जगदीश प्रसाद वर्मा



**बेमेतरा।** सेवानिवृत स्थल सहायक जगदीश प्रसाद वर्मा कोबिया निवासी का गुरुवार को रायपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 10 मई को कोबिया बेमेतरा मुक्तिधाम में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। वे आरआई पुष्पराज वर्मा, उषारानी, रूखमणी, मंजू, निशा के पिता थे।

---

कार्रवाई : हेल्पलाइन नंबर पर मिली सूचना के आधार पर की कार्रवाई

# अधिकारियों ने रूकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- वर-वधू पक्ष के लोगों को दी सही उम्र में विवाह करने की समझाइश

जिले में बाल विवाह रोकने के लिए संयुक्त टीम लगातार मुस्तैद है। इसी मुस्तैदी का परिणाम है कि टीम बाल विवाह रूकवाने में सफल रही।

मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम झालम, तह-बेमेतरा की एक बालक एवं बालिका का बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी। जानकारी के आधार पर चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीपी शर्मा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं खंडसरा परियोजना अधिकारी लीना दीवान के मार्गदर्शन में बाल विवाह के रोकथाम की कार्रवाई की गयी। उक्त ग्राम में मालिया परिवार के एक बालक एवं पारधी परिवार के एक बालिका का बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रूकवाया गया। शिकायत प्राप्त होने पर झालम में गालिया एवं पारधी परिवार में बाल विवाह रूकवाया गया। उक्त बालक का विवाह गाँव में ही अपने नाना के यहाँ आई बालिका से होने जा रहा था। सूचना के बाद टीम द्वारा बालक-बालिका के परिजनों को समझाइश दी गई। इस पर बालक एवं बालिका के परिजनों ने निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। युवक के परिजनों ने कहा कि हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है।

गठित टीम में पर्यवेक्षक रूची ठाकुर, सा. कार्यकर्ता सीडब्ल्यूसी प्र. नोडल अधिकारी, कृष्ण कुमार चंद्राकर, परियोजना समन्वयक ,राजेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी, आरक्षक शिवकुमार, आउटरिच वर्कर अनिता सोनवानी, आ.बा. कार्यकर्ता दीपिका ध्रुव के द्वारा समझाइश दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालक का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दे सकते हैं सूचना

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बालक विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी / आगनबाडी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार आदि को दी जा सकती है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह के बंधन में आने वाले बालक/बालिका को अपना विवाह शून्य घोषित कराने का अधिकार है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 पर सूचित किया जा सकता है ।

---

# समाधान कालेज के एनएसएस के विद्यार्थियों ने मतदान के दौरान की समाजसेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- वृद्धों, असक्त लोगों को बूथ तक पहुंचाया, पानी पिलाया

समाधान कालेज के एनएसएस के विद्यार्थियों ने 7 मई को हुए लोकसभा चुनाव में जिला प्रशासन द्वारा बनाए गये विभिन्न मतदान केन्द्रों में उल्लेखनीय समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया । महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी राजेश गजपाल ने बताया कि मतदान तिथि के पूर्व कलेक्टर ने निर्देश दिया था कि लोकसभा चुनाव के मतदान महापर्व पर मत देने वाले वृध्दजनों, अस्वस्थ एवं अन्य मतदाताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें। उक्त निर्देश का पालन करते एनएसएस के विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया था कि वह अपनी सेवाएं प्रदान करें।

इसी के परिपालन में 7 मई को बेमेतरा के मतदान केन्द्रों में एनएसएस के छात्र- छात्राओं ने मतदान करने आने वाले असक्त एवं वृद्धजनों को व्हीलचेयर की सहायता से मतदान केंद्र तक पहुंचाया तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया। साथ ही मतदान केंद्र में आने वाले वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों को परिवार के सदस्यों की तरह सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया एवं मतदान पश्चात उन्हें वापस उनके वाहनों तक पहुंचाया। जिलाधीश ने एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा मतदान केन्द्रों में प्रदर्शित सहयोग की भावना की प्रशंसा की एवं कहा कि इन स्वयंसेवकों ने एनएसएस की मूलभूत भावना को चरितार्थ किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने स्वयंसेवकों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

---

### अक्षय तृतीया आज, बच्चे रचाएंगे गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

**दल्लीराजहरा।** अक्षय तृतीया का पर्व आज मनाया जाएगा। सनातन परंपरा का अनुसरण करते हुए दल्लीराजहरा में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी करने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में अक्षय तृतीया को 'अक्ती' के नाम से जाना जाता है। दल्लीराजहरा में अक्ती पर्व मनाए जाने की तैयारियां पहले से शुरू हो गई हैं।

सनातन धर्म में हर तीज त्योहार और व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। उन्हीं में से एक है अक्षय तृतीया का पर्व, जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। सनातन प्रथा परंपरा का अनुसरण करते हुए दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी आज रचाएंगे। परिवार के छोटे बच्चे अपने गुड्डा-गुड़ियां का विवाह रचाकर खुशियां मनाते हैं। बच्चों की खुशियों में परिवार के बड़े-बुजुर्ग भी शामिल होते हैं।

---

# साजा में राजपूत समाज ने मनाई वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा





राजपूत उपसमिति साजा में वीर शिरोमणी महाराणा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पूजा-अर्चना कर याद किया गया। जयंती के अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने महाराणा प्रताप के बारे में अपने विचार रखे।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किया। उसके बाद बाजार चौक पुराना बस स्टैंड पर शर्बत व छाछ वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजपूत उपसमिति साजा के अध्यक्ष मनोज सिंह खाती उपाध्यक्ष सुरेश सिंह कोषाध्यक्ष नंदकुमार सिंह सचिव कमलनारायण सिंह महिला अध्यक्ष रत्ना चंदेल राजेश्वरी भुवाल लाल नरेन्द्र सिंह जनार्दन सिंह चन्द्रशेखर सिंह संतोष सिंह दिनेन्द्र सिंह रमेश सिंह जीवन सिंह गजेन्द्र सिंह राकेश सिंह जयंत सिंह संदीप सिंह निखिल सिंह आकाश सिंह मनोज सिंह परिवेश सिंह तन्मय सिंह श्रेयांश सिंह प्रीतम सिंह वैभव सिंह सहित समाज के गणमान्य एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल हुए।

---

# श्री आदिशंकराचार्य विद्यापीठ, यज्ञशाला व श्री विश्वंभर गौशाला भवन निर्माण का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय में शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम बरघाट में विशाल श्री आदिशंकराचार्य विद्यापीठ, यज्ञशाला, श्री विश्वंभर गौशाला, वैदिक वाचनालय आदि भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 9 बजे से 12 बजे के बीच समारोह आयोजित कर किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू एवं साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल होंगे । इस दौरान संरक्षक मंडल आचार्य बलदेव प्रसाद शास्त्री , आचार्य प्रमोद शास्त्री संस्थापक मानव कल्याण आश्रम करपात्री गौशाला, आचार्य झम्मन शास्त्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्म संघ पीठ परिषद् एवं बेमेतरा से अवधेश सिंह चंदेल ,योगेश तिवारी, ज़िला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मोंटी साहू राजेश शर्मा , राकेश मोहन ,निलू राजपूत , विकाश तम्बोलि, हर्ष तिवारी, धर्मेंद्र साहू, युगल देवागन ,लेखन यादव, अभिषेक शर्मा, थुकेन साहू , शिवराज सिंह निषाद ,रामेश्वर निषाद, संतोष साहू, जनपद सदस्य दरबारी साहू, किशन यादव ,रमेश यादव भी मौजूद रहेंगे ।

---

# शिक्षकों की कमी से जूझते स्कूल की छात्रा जिज्ञासा मेरिट में 5वें नंबर पर



हरिभूमि न्यूज. गुरूर

- डॉक्टर बनना चाहती है किसान की बेटी

जो स्कूल पूरे शिक्षा सत्र में शिक्षकों की कमी से जूझता रहा, उसी स्कूल की एक बच्ची ने 10वीं की प्रावीण्य सूची में 5वां स्थान प्राप्त कर बता दिया, कि परिस्थितियां जैसी भी हों, मेहनत और लगन से मनचाहा मुकाम पाया जा सकता है। अभावों से घिरी शासकीय हाई स्कूल धनेली की छात्रा जिज्ञासा साहू की इस सफलता पर उसके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिज्ञासा आगे डाक्टर बनना चाहती हैं। उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल स्कूल धनेली पूरे सत्र शिक्षकों की कमी से जूझता रहा है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हुई है। लेकिन, विपरीत परिस्थितियों के बाद भी जिज्ञासा ने सेल्फ स्टडी कर सफलता प्राप्त की है। दो भाई बहन में छोटी जिज्ञासा के समक्ष आगे भी चुनौतियां कम रही है। पिता जितेश कुमार साहू कृषक हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर है। जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने कहा कि ऐसे होनहार बच्चों को शासन को गोद लेकर उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च उठाना चाहिए, जिससे गरीब बच्चे भी अच्छी पढ़ाई कर देश सेवा में अपना योगदान दे सकें।

---

### अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर में अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से नगर पंचायत गुरूर से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के समुचित प्रबंधन के उपायों के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को नगर पंचायत गुरूर में साफ–सफाई एवं अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम पूजा बंसल, तहसीलदार हनुमंत श्याम, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# शासकीय विद्यालय घीना में शिक्षकों, पालकों व प्रबंधन समिति के सदस्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- परीक्षा परिणाम में आशाजनक परिणाम नहीं आने पर बच्चों को हताश नहीं होने प्रेरित करने की गई अपील

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों तथा शिक्षकों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। रूपसिंह रावटे ने बताया कि बैठक में मुख्य बिंदु, कक्षा दसवीं व बारहवीं के 2024 के वार्षिक परीक्षा परिणाम से संबंधित विद्यार्थियों व उनके पालकों को समझाइश देना था। असफल विद्यार्थी व परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों द्वारा कभी-कभी गलत कदम उठा लेते हैं। बैठक में अपील की गई कि संबंधित पालक अपने बच्चों को हताश व परेशान न करते हुए उन्हें भविष्य के लिए पुनः तैयार रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दें कि वे अपने परिणाम को मानसिक रूप से स्वीकार करें। साथ ही नये शिक्षा सत्र के प्रारंभ की तैयारी पर भी चर्चा की गई। प्रारंभ से ही कक्षा में अध्यापन की जाएगी। अतः पालक अपने बच्चों का शुरू दिवस से ही पूरी तैयारी से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। अंत में प्राचार्य एमएल ठाकुर ने उपस्थित सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

---

विद्यालय परिवार के सदस्यों ने आरती उतारकर किया सम्मान

# चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सैनिकों का गुरुकुल में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़




विगत लोकसभा के चुनाव में सीआरपीएफ के सैनिक सुरक्षा और शांति पूर्ण मतदान के लिए नवागढ़ आए थे। जिनकी निगरानी में लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इन सैनिकों का बुधवार को गुरुकुल विद्यालय में सम्मान किया गया। शरद चंद्र मिश्रा के साथ यूनिट के 24 जवान अपनी सैनिक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे, जहां विद्यालय परिवार द्वारा उनकी आरती उतारी एवं पुष्प वर्षा की गई। सभी सैनिकों को अपने बीच पाकर बहुत गर्व महसूस कर रहे थे।

श्री मिश्रा ने कहा कि गुरु के द्वारा बताई गई प्रत्येक बात हमेशा याद रहती है और उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते हमें जीवन में सफल बनाते हैं। प्रत्येक गुरु प्रत्येक छात्र को अच्छा जीवन जीने की शिक्षा देते हैं। हम अपने जीवन में जो भी नाम कमाते हैं वह सब गुरु की शिक्षा से ही संभव है। गुरु के आशीर्वाद के बिना जीवन में कोई भी अच्छा काम नहीं हो सकता, इसलिए हमें सदैव गुरुओं का आशीर्वाद लेते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति से कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है इस रूप में हमारे जीवन में कई गुरु मिलते हैं जो हमारे जीवन को दशा और दिशा प्रदान करते हैं उन्होंने विद्यालय परिवार और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम में उड़ान एकेडमी नवागढ़ के पुलिस व सेना भर्ती की तैयारी के लिए पुलिसकर्मी हीरालाल साहू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे, ऐसे लगभग 50 प्रशिक्षणार्थी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने अनुभव सुनाए। उनका जोश और जज्बा या साबित कर रहा था कि इनके बीच से भी देश की सेवा के लिए जवान और पुलिस चयनित होंगे। अंत में विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने सभी सैनिकों को विद्यालय की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मेघा दीवान, योगेंद्र राजपूत, शिवा सिन्हा,हीरु साहू ,लक्ष्मी नारायण सिंह, मनीष साहू, ओमप्रकाश साहू, ललित साहू, योगेश साहू, देवचरण साहू, मिठ्ठू साहू आदि उपस्थित रहे।

